भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3409
(जिसका उत्तर सोमवार दिनांक **16** दिसम्बर**, 2024/25** अग्रहायण**, 1946 (**शक) को दिया जाना है)

अरूणाचल प्रदेश के लिए वित्तीय सहायता

3409. **श्री तापिर गावः**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अरूणाचल प्रदेश राज्य को राज्य के विकास के लिए विश्व बैंक**,** एशियाई विकास बैंक**,** जेआईसीए आदि से कोई वित्तीय सहायता नहीं मिलती है**;**

(ख) यदि हां**,** तो सरकार ने अरूणाचल प्रदेश को उक्त अंतर्राष्ट्रीय निकायों से वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए हैं**;**

(ग) क्या सरकार अरुणाचल प्रदेश राज्य में गरीबी उन्मूलन**,** शिक्षा**,** स्वच्छता**,** स्वास्थ्य और अवसंरचना के लिए बाह्य वित्तीय सहायता के बदले विशेष वित्तपोषण प्रदान करने की कोई योजना बना रही है**;** और

(घ) क्या सरकार की अरूणाचल प्रदेश राज्य को वित्त प्रदान करने के लिए बाह्य सहायता-प्राप्त बैंकों के साथ इस मुद्दे को उठाने की कोई योजना है**?**

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (घ): हालाँकि अरुणाचल प्रदेश को समय-समय पर अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए) और अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (आईबीआरडी) जैसे बहुपक्षीय संस्थानों, जो विश्व बैंक समूह का हिस्सा हैं, के साथ-साथ एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से प्राप्त बाह्य वित्तपोषण से लाभ हुआ है, फिर भी राज्य का विकास अधिकतर घरेलू बजटीय स्रोतों के माध्यम से किया जाता है। वास्तव में, बहुपक्षीय या द्विपक्षीय संस्थानों से बाह्य वित्तपोषण राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) में अवसंरचना विकास के लिए उपयोग किए जाने वाले संसाधनों का केवल एक भाग है। पूंजीगत व्यय जिसका एक उच्च गुणक प्रभाव होता है और जो अर्थव्यवस्था की उत्पादक क्षमता को बढ़ाता है, को बढ़ावा देने में राज्यों की सहायता करने के लिए, वित्त मंत्रालय ने वर्ष 2020-21 से प्रतिवर्ष पूंजीगत व्यय/निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता के लिए योजनाएं तैयार की हैं और उन्हें लागू किया है। इन योजनाओं के तहत, राज्यों को 50-वर्ष की अवधि के ब्याज मुक्त ऋण के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इन योजनाओं के तहत अरुणाचल प्रदेश को दी गई वर्षवार वित्तीय सहायता का विवरण नीचे दिया गया हैः-

(करोड़ भारतीय रुपये में)

वर्ष	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
अरुणाचल प्रदेश	232.97	371.19	1564.10	2363.42

*****